Source:- www.bhaskar.com
Date:- 15.03.2019

छापेमारी में 5.41 करोड़ कीमत की विदेशी सिगरेट की जब्त

Bhaskar News Network | Mar 15, 2019, 04:25 AM IST

Muzaffarpur News - **मुजफ्फरपुर | डीआरआई और एसएसबी की टीम ने गुरुवार को गायघाट के मैठी और मोतीपुर में एनएच पर छापेमारी कर 5.41 करोड़ रुपए...**

मुजफ्फरपुर | डीआरआई और एसएसबी की टीम ने गुरुवार को गायघाट के मैठी और मोतीपुर में एनएच पर छापेमारी कर 5.41 करोड़ रुपए का विदेशी ब्रांड का सिगरेट पकड़ा। जब्त सिगरेट यूएसए, स्वीट्जरलैंड, युनाइटेड किंगडम, चीन, कोरिया, इंडोनेशिया देशों में निर्मित नामी ब्रांड की है। हरियाणा और यूपी नंबर के दो ट्रकों पर सिगरेट लादा था। नामी ब्रांड के इन सिगरेट की कीमत प्रति डब्बा 500 से 1000 रुपए तक की है। इस तरह के मंहगे सिगरेट बड़े शहरों के क्लबों में सप्लाई होते हैं। डीआरआई सूत्रों ने बताया कि तस्करों ने सिगरेट का ये खेप बर्मा से गुवाहाटी मंगवाया था। ट्रक का चालक व खलासी समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर मुख्य तस्करों के बारे में पूछताछ चल रही है। इधर, इमलीचट्टी बस स्टैंड के पास नशा का व्यवसाय की शिकायत पर गुरुवार को अश्व मोबाइल की टीम ने छापेमारी की। पुलिस टीम ने मोहन कुंली को करीब 300 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा।